__/__/____

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.

Date-                                      Class - V
Subject- Hindi Language                    Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

## चित्र लेखन

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ कक्षा पाँचवी की हिन्दी व्याकरण का है। इस पाठ में आपको चित्र लेखन करना सिखाया जाएगा।

बच्चो ! किसी भी वस्तु, चित्र को देखकर हमारे मन में अनेक भाव उत्पन्न होते हैं। अपने इन भावों को हम प्रभावशाली भाषा के द्वारा ही व्यक्त करते हैं। यही चित्र-वर्णन का उद्देश्य है।

बच्चो ! किसी चित्र को देखकर मन में उठने वाले भावों को लिखना चित्र-वर्णन कहलाता है।

चित्र-वर्णन करते समय हमें निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए :-

* चित्र को ध्यानपुर्वक देखकर घटना को समझने का प्रयास करना चाहिए।
* चित्र में दिखाई दे रही वस्तुओं व पात्रों को अपने मस्तिष्क में बिठा लेना चाहिए और वर्णन में उन्हें स्थान देना चाहिए।
* चित्र-वर्णन की भाषा सरल एवं स्पष्ट होनी चाहिए।
* अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग करके उसे रचना अथवा लेख का रूप देना चाहिए।
* वाक्य रचना करते समय मुहावरों, सूक्तियों व लोकोक्तियों का भी प्रयोग किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-
Class - V

Subject - Hindi Language
Page - 2

Subject Teacher - Ms. Roma Rani

* चित्र - वर्णन करते समय विराम - चिह्नों का भी उचित प्रयोग करना चाहिए।

बच्चो ! मैंने आपको चित्र - वर्णन के बारे में समझा दिया है । आशा है आप सभी ने इसे ध्यान-पूर्वक पढ़ा एवं समझा होगा । अब मैं आपको इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी । अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे ।

प्रश्न - 1. चित्र - वर्णन किसे कहते हैं ?

प्रश्न - 2. चित्र - वर्णन की भाषा कैसी होनी चाहिए ?

प्रश्न - 3. वाक्य रचना करते समय किन का प्रयोग करना चाहिए ?

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है । अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी ।

उत्तर - 1. किसी चित्र को देखकर मन में उठने वाले भावों को लिखना चित्र - वर्णन कहलाता है ।

उत्तर - 2. चित्र - वर्णन की भाषा सरल एवं स्पष्ट होनी चाहिए ।

उत्तर - 3. वाक्य रचना करते समय मुहावरों, सूक्तियों व लोकोक्तियों का भी प्रयोग किया जा सकता है ।

प्यारे बच्चो ! अब मैं आपको एक चित्र दूँगी जिसका वर्णन आप सभी अपनी - अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में करेंगे ।

Scanned with CamScanner

Date -                    Class - V
Subject- Hindi Language          Page- 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani



गृह कार्य :-

* बच्चो ! आप इस चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर और समझकर अपने शब्दों में अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखेंगे।

धन्यवाद !

Last page.